दिनांकः 25.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज 58 संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे तक इन सीटों पर लगभग 26 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात, ओडीशा की छह, उत्तरप्रदेश की चौदह, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक लोकसभा सीट के लिए वोट डाले जा रहे हैं। राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने मतदान किया। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केंद्रीय मंत्री डॉ एस. जयशंकर, हरदीप सिंह पुरी और मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी दिल्ली में अपने–अपने मतदान केंद्रों पर वोट डाले।

....

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू के जारी रहने से जनजीवन पर खासा प्रभाव पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 49 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश में इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है। जैसलमेर में 48 दशमलव 3, बाड़मेर में 48 दशमलव 2, जोधपुर में 47 दशमलव 6, डूंगरपुर में 47 दशमलव 1, कोटा में 46 दशमलव 7, श्रीगंगानगर में 46 दशमलव 6, चित्तौडगढ में 46, बीकानेर में 45 दशमलव 8 तापमान रिकॉर्ड किया गया।
राजधानी जयपुर में पारा 42 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। सुबह से ही सूरज की तपिश के कारण बाजार और सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। विभिन्न शहरों में गर्मी के असर को कम करने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।
मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके साथ ही तीव्र हीटवेव का दौर भी आगामी तीन–चार दिन तक जारी रहने के आसार हैं।
राजस्थान रोडवेज की ओर से सभी बस अड्डों पर यात्रियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। रोड़वेज की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।
वहीं तेज गर्मी से पशु – पक्षियों के बचाने के लिए प्रशासन और विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों की ओर से कई उपाय किये जा रहे हैं। जयपुर के नाहरगढ बायोलोजिकल पार्क में बाघ, शेर और भालू को रोज़ाना नहलाया जा रहा है और उनके पिंजरों में पानी की समुचित व्यवस्था की गयी है। जैसलमेर के पोकरण में नगर पालिका ने पशुओं के लिए कई स्थानों पर पानी की छोटी टंकियां रखी हैं।

....

दौसा जिले में पौधरोपण अभियान को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में इस संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग ने इस बार जिले में बारह लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए विभाग की ओर से पौधे नर्सरी में तैयार किये जा रहे हैं।

....

संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने आज भरतपुर में विद्युत निगम कार्यालय और स्वास्थ्य भवन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान 29 कार्मिकों के अनुपस्थित पाए जाने पर संभागीय आयुक्त ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने चिकित्सा संस्थानों में आमजन को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बिजली संबंधी शिकायतों का समय पर निराकरण करने को भी कहा।
000

बांसवाडा जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गांव की जनसंख्या के अनुसार मधुमेह और ब्लड प्रेशर की जांच करने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने सिकल सेल एनिमिया की जांच के लिए प्राप्त होने वाले साठ हजार किट ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करने के भी निर्देश दिये।
000
महिला और बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. मोहनलाल यादव ने जैसलमेर जिले के सीडीपीओ करण सिंह तथा पोकरण में सीडीपीओ कार्यालय की महिला पर्यवेक्षक स्नेहलता शर्मा को निलंबित कर दिया है। इन दोनों के खिलाफ सेनेटरी नेपकिन का नियमानुसार भौतिक सत्यापन करवाए बिना ई औषधि पोर्टल पर रिवर्स एन्ट्री करवाने के गंभीर आरोप हैं।
000
जल शक्ति मंत्रालय तथा पेयजल और स्वच्छता विभाग की ओर से स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत देश के हर जिले में एक गोबरधन बायोगैस प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इसी के तहत बून्दी जिले में डाबी गांव की श्रीगोपाल गौशाला में गोबरधन बायोगैस प्लान्ट का निर्माण किया जा रहा है। 50 लाख रूपये की लागत से बन रहे इस प्लांट में गौबर से गैस और बिजली का उत्पादन किया जाएगा।
000